कार्यालय–प्राचार्य, स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन
नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।
(उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित)
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त
Website:-www.ihmtehri.org Email;: directorsihmnewtehri@gmail.com

Uttarakhand
Simply Heaven!

संख्या–1640 /2–2– प्रतिनियुक्ति)/2020–21 नई टिहरी दिनांकः 03 सितम्बर, 2021

सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति सम्बन्धी विज्ञप्ति

प्राचार्य, स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल अधीन प्रशासनिक अधिकारी एवं लेखाकार के स्वीकृत पदों को प्रतिनियुक्ति द्वारा भरने के सम्बन्ध में प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों/प्रतिष्ठानों/सार्वजनिक उपक्रमों/परिषदों में कार्यरत इच्छुक कर्मचारी जो पदों के सम्मुख स्तम्भ में अकिंत अर्हता ररवते हुये आवेदन पत्र उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एवं प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित दिनांक 05/10/2021 तक स्वयं, डाक व मेल द्वारा उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं :–

क0 सं0	पदनाम	कार्यालय/रिक्त पदों का विवरण	स्तर/वेतनमान	पात्रता	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	लेखाकार	कार्यालय– प्राचार्य, स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल। 1 (एक) पद	लेवल–06 (वेतनमान 35400–112400)	**1–प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्रता–** (क) कार्मिक जो स्तम्भ–4 के स्तर से ठीक एक स्तर नीचे के लेवल–5 वाले पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति हो एवं इस स्तर में कम से कम 7 वर्ष कार्य करने का अनुभव रखता हो। (ख) कार्मिक जो लेवल–6 का पदधारक हो, तथा लेवल–5 एवं लेवल–6 में की गयी सेवा को सम्मिलित करते हुए कम से कम कुल 10 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण की हो। **अनिवार्यअर्हता–** कम्प्यूटर पर एम एस आफिस, ऐक्सल, पावर पाउन्ट में कार्य करने तथा कम्प्यूटर में हिन्दी व अग्रेंजी में टाइप कम से कम 6000 Key depression per hour करने में दक्ष हों।	(1) कार्मिक जो सहायक लेखाकार/लेखाकार के के निर्धारित स्तर–5 एवं स्तर–6 से उच्चस्तर का वेतनमान पर हों, को नियमानुसार वेतन संरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। (2) कार्मिक की कम से कम 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि "अतिउत्तम" या इससे उच्च श्रेणी की होनी चाहिए। (3)कार्मिक का अपने मूल विभाग में अथवा सार्वजनिक जीवन में कोई वाद न्यायालयों में योजित नहीं होना चाहिए।

2	प्रशासनिक अधिकारी	कार्यालय–प्राचार्य, स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल। 1(एक) पद	लेवल–07 (वेतनमान 44900–142400)	**1–प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्रता–** (क) कार्मिक जो स्तम्भ–4 के स्तर से ठीक एक स्तर नीचे के लेवल–6 वाले पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति हो एवं इस स्तर में कम से कम 3 वर्ष कार्य करने का अनुभव रखता हो। (ख) कार्मिक जो स्तर–6 का पद धारक हो, तथा लेवल–6 एवं लेवल–7 में की गयी सेवा को सम्मिलित करते हुए कम से कम कुल 10 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण की हो। **अनिवार्यअर्हता–** कम्प्यूटर पर एम एस आफिस, ऐक्सल, पावर पाउन्ट में कार्य करने तथा कम्प्यूटर में हिन्दी व अग्रेंजी में टाइप कम से कम 6000 Key depression per hour करने में दक्ष हों।	(1) कार्मिक जो प्रधान सहायक/ प्रशासनिक अधिकारी के निर्धारित स्तर–6 एवं स्तर–7 से उच्च स्तर का वेतन मान पर हों, को नियमानुसार वेतन संरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। (2) कार्मिक की कम से कम 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि "अतिउत्तम" या इससे उच्च श्रेणी की होनी चाहिए। (3)कार्मिक का अपने मूल विभाग में अथवा सार्वजनिक जीवन में कोई वाद न्यायालयों में योजित नहीं होना चाहिए।

शर्तेः–यदि किसी अभ्यर्थी को इस विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति अथवा सेवा स्थानान्तरण पर लिये जाने सम्बन्धी पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक माह की अवधि तक उनके विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उन्हें कार्य मुक्त नहीं किया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

1. आवेदित पद से ठीक एक स्तर नीचे का वेतनमान प्राप्त कर रहे अभ्यर्थी को प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने पर पैतृक विभाग में अनुमनय स्तर से ठीक एक स्तर ऊपर अर्थात स्तर–6 को वेतनमान देय होगा।
2. ऐसे कार्मिक जिनका पदनाम लेखाकार/सहायक लेखाकार है परन्तु इन पदो का क्रमशः स्तर/वेतनमान स्तर–6/5 से उच्च है, को भी नियमानुसार वेतन संरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा।परन्तु अन्य भत्ते वही प्रदान किये जायेंगे जो राज्य सरकार के विभागीय कार्मिकों को समय–समय पर देय हैं।
3. ऐसे कार्मिक जिनका पदनाम प्रधान सहायक/प्रशासनिक अधिकारी है परन्तु इन पदों का क्रमशः स्तर/वेतनमान लेवल –6/7 से उच्च है, को भी नियमानुसार वेतन संरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। परन्तु अन्य भत्ते वही प्रदान किये जायेंगे जो राज्य सरकार के विभागीय कार्मिकों को समय–समय पर देय हैं।
4. केन्द्रीय सरकार/विभिन्न उपक्रमों, निगमों एवं स्वयास्तशासी संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति किया जायेगा।
5. राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत नियमित कार्मिकों को नियमानुसार प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

6. प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण की अवधि में पेंशनरी अंशदान की कटौती एवं जमा करने की कार्यवाही उत्तराखण्ड शासन द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों के अधीन की जायेगी।
7. प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण की अवधि में समय–समय पर देय एम0ए0सी0पी0 का लाभ उनके पैतृक विभाग के विभागाध्यक्ष/नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ही स्वीकृत किया जायेगा, तद्पश्चात् ही प्राचार्य, स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, नई टिहरी से लाभ प्रदान किया जायेगा।
8. संस्थान में प्रथम बार प्रतिनियुक्ति के आधार पर 5 वर्ष एवं सेवा स्थानान्तरण के आधार पर 05 वर्ष के लिये नियुक्त किया जायेगा। भविष्य में समय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता होने पर नियमानुसार विचार किया जायेगा।
9. आवेदन पत्र नई टिहरी संस्थान की वेबसाईट www.ihmtehri.org में उपलब्ध है। वेबसाईट से इसका प्रिन्ट लेकर आवेदन पत्र स्पष्ट एवं पठनीय रूप में भर कर संस्थान में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा विलम्बतम् रूप से तय तिथि तक प्राप्त कराया जाना अनिवार्य है।
10. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी की पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय चरित्र प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतियों को भी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है और कार्यभार ग्रहण करते समय यह भी प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्य मुक्त कर्मचारी के विरूद्व कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जॉच लम्बित/विचाराधीन नहीं है और ना ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है।

निदेशक/प्राचार्य,

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् के अधीन ''स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट कैटरिंग टैक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल'' में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ''प्रशासनिक अधिकारी'' एवम् ''लेखाकार'' के पद हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप

1	अभ्यर्थी का नाम				स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो	
2	पिता का नाम					
3	आवेदित पद का नाम (प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करने होंगे)					
4	स्थायी पता					
5	पत्र व्यवहार का पता					
6	जन्म–तिथि					
7	मेबाइल नम्बर					
8	ई–मेल आई0डी0					
9	पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता	विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष	तकनीकी विषय का नाम	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत
10	उत्तराखण्ड के सम्बन्धित विभाग में समान पद एवं समान वेतनमान में कार्य करने का अनुभव	विभाग/संस्थान का नाम	पदनाम	वेतन मैट्रिक्स/लेवल	कब से कब तक	कुल सेवा अवधि
11	अन्य अनुभव–					

दिनांक–
स्थानः–

हस्ताक्षर
नाम व पता